# बिहार स्टेट पॉवर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड


कार्यालय
विद्युत अधीक्षण अभियंता
संचरण अंचल भागलपुर, पो0–सबौर, पिनकोड–813210
email:-tc.bhagalpur@bsptcl.bihar.gov.in


ई–मेल

पत्रांकः–................../ भागलपुर,  दिनांकः–..........................

प्रेषकः– अभि0 संतोष कुमार मिश्र,
विद्युत अधीक्षण अभियंता।

सेवा में,

महाप्रबन्धक (मानव संसाधन / प्रशासन),
बिहार स्टेट पावर (ट्रांसमिशन) कम्पनी लिमिटेड, पटना।

विषयः– संचरण अवर प्रमंडल, सबौर (भागलपुर) के आवासीय कॉलोनी परिसर में आम वृक्षों के फलों की निलामी हेतु आम सूचना को समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में सूचित करते हुए यह कहना है कि बिहार स्टेट पावर ट्रान्स0 कम्पनी लिमिटेड, संचरण अवर प्रमंडल सबौर के आवासीय कॉलोनी परिसर में कुल **76 (छिहत्तर)** अदद् आम वृक्षों के फलों की निलामी हेतु आम सूचना को समाचार पत्रों में प्रकाशन के लिए विज्ञापन हेतु DOP के अधिनियम (22) के अंतर्गत ED(HR) में शक्ति निहित है। ऐसे में वर्षः–**2025 एवं वर्ष 2026** के लिए फलों की निलामी हेतु विज्ञापन स्थानीय स्तर पर भागलपुर संस्करण के कम से कम **दो** मुख्य समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाना अनिवार्य है। ज्ञात हो कि आम वृक्ष फलों की निलामी हेतु BOQ के बेचने की अंतिम तिथिः– **30.01.25** (अपराह्न **02:30** बजे तक) रखी गई है। तदनुसार, निलामी से संबंधित **आम सूचना मात्र के प्रकाशन हेतु** निलामी की सूचना एवं शर्तों को संलग्न कर **ई–मेल** के माध्यम से **Soft & Hard copy (PDF file)** प्रेषित की जा रही है।

अतः अनुरोध है कि अपने स्तर से फलों की निलामी हेतु **आम सूचना** मात्र भागलपुर संस्करण के दो मुख्य समाचार पत्रों मे उक्त निर्धारित तिथि के पूर्व प्रकाशित करवाने की कृपा जाय, ताकि ससमय फलों की निलामी की जा सके।

अनुः– (1) निलामी सूचना एवं शर्ते।
(2) आम सूचना।

विश्वास भाजन,
ह0/–

(संतोष कु0 मिश्र)
विद्युत अधीक्षण अभियंता

108(CD) 21/02/25

ज्ञापांकः–.....03........./ भागलपुर,  दिनांकः–.....01/01/25.......

प्रतिलिपिः– (अनु0 सहित) उप महा प्रबंधक (मा0 सं0 / प्र0) / उपमहाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित। अनुरोध है कि उपरोक्त शर्तो को बि0 स्टेट पावर ट्रांशमिशन कं0 लि0 पटना के वेब साइट पर अपलोड करने की कृपा किया जाय।

01/01/25

(संतोष कु0 मिश्र)
विद्युत अधीक्षण अभियंता

# बिहार स्टेट पॉवर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड

कार्यालय
विद्युत अधीक्षण अभियंता
संचरण अंचल भागलपुर, पो0–सबौर, पिनकोड–813210
email:-tc.bhagalpur@bsptcl.bihar.gov.in

## निलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार स्टेट पॉवर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड, संचरण अंचल, भागलपुर (सबौर) के आवासीय परिसर (कॉलोनी) में कुल **76** (**छिहत्तर**) आम वृक्षों के फलों की निलामी वर्षः–**2025 एवं वर्ष 2026** के लिये अन्य सभी सेवा शर्तो के आधार पर दिनांक –**31.01.2025** के अपराह्न **03:30** बजे विहित प्रपत्र में लिफाफा बन्द निविदा आमंत्रित किये जाते है।

उक्त फलों की निलामी के पूर्व अन्य सभी शर्ते संबंधी विहित प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

- निविदा पत्र का मूल्य रू0 **590**/–मात्र GST सहित।
- निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :– **30.01.2025** को (अपराहन 02:30 बजे तक)।
- निविदा जमा करने की तिथिः– **31.01.2025** अपराह्न **02:30** बजे तक।
- निविदा खुलने की तिथि– **31.01.2025** को अपराह्न **03:30** बजे से निर्धारित है।
- निविदा प्रपत्र क्रय हेतु पेन कार्ड एवं आधार कार्ड की स्व अभिप्रमाणित प्रति अनिवार्य रूप से समर्पित करना होगा।

(संतोष कु0 मिश्र)
विद्युत अधीक्षण अभियंता

# बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड
कार्यालय
विद्युत अधीक्षण अभियंता
संचरण अंचल भागलपुर, पो0–सबौर, पिनकोड–813210
email:-tc.bhagalpur@bsptcl.bihar.gov.in


## आम सूचना

संचरण अंचल, भागलपुर (सबौर) में आम वृक्षों के फलों के निलामी हेतु दिनांकः–**31.01.2025** के अपराह्न **03:30** बजे तक लिफाफा बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डाक संबंधी पूर्ण विवरण संचरण अंचल, भागलपुर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

(संतोष कु0 मिश्र)
विद्युत अधीक्षण अभियंता

# बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड

कार्यालय

विद्युत अधीक्षण अभियंता

संचरण अंचल भागलपुर, पो0–सबौर, पिनकोड–813210

email:-tc.bhagalpur@bsptcl.bihar.gov.in


## निलामी प्रक्रिया की शर्ते

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड, संचरण अंचल, भागलपुर प्रांगण के सबौर स्थित आवासीय कॉलोनी परिसर स्थित बगीचा एवं आवासीय परिक्षेत्र में, आम के **76 (छिहत्तर)** वृक्ष के फलो को निलामी वर्षः–**2025 एवं वर्ष 2026** के लिए दिनांकः–**31.01.2025** को अपराह्न **03:30** बजे तक लिफाफा बन्द निविदा डाक हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा की अन्य शर्ते निम्नलिखित हैः–

1 निलामी के पूर्व किसी भी कार्य दिवस को सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमंडल, सबौर से सम्पर्क कर निलामी योग्य वृक्षों का अवलोकन किया जा सकता है।

2 निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 **590/–**मात्र GST सहित एवं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :– **30.01.2025** को (अपराह्न **02:30** बजे तक)। तथा खुलने की तिथि– **31.01.2025** को अपराह्न **03:30** बजे से निर्धारित है।

3 **अग्रधन राशि जमा करने की अंतिम तारीख दिनांकः–31.01.2025 को (अपराह्न 02:30 बजे तक)।**

4 अग्रधन की राशि रू0 **10,000=00** (दस हजार) मात्र जो बैंक ड्राफ्ट या ऑन लाइन ट्रॉसफर A/C no. 37113129082, SBIN0000037, A/C Name- Account Officer, Transmission circle, Bhagalpur के रूप में लेखा पदाधिकारी, संचरण अंचल, भागलपुर के नाम से भुगतेय होगा। निलामी प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात सफल अभिकर्ता को छोड़कर बांकी अभिकर्ताओं का जमा राशि सफल अभिकर्ता द्वारा निलामी की पूर्ण राशि जमा करने के 15 दिनों के उपरांत लौटा दिया जायेगा। सफल अभिकर्ता के अग्रधन की राशि का समायोजन उनके सुरक्षा जमा राशि में किया जा सकता है।

5 लिफाफा बन्द डाक हेतु निलामी की तिथि–**31.01.2025** को (अपराह्न **03:30** बजे) निर्धारित है।

6 सफल अभिकर्त्ता को निलामी की राशि डाक की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निलामी पर उनकी हक समाप्त करते हुए अग्रधन की राशि जप्त कर ली जायेगी।

7 निलामी में वर्णित वित्तीय शर्तो को सफल अभिकर्त्ता द्वारा पूरा नही किए जाने की स्थिति में द्वितीय एवं तृतीय क्रमानुसार अभिकर्त्ता को आमंत्रित किया जाएगा।

8 अग्रधन/जमानत राशि को बैंक ड्राफ्ट अथवा ऑन लाईन ट्रान्सफर के माध्यम से दि0:–**31.01.2025** को अपराह्न **02:30** बजे तक ही संचरण अंचल, भागलपुर (सबौर) के कार्यालय में भेजा जा सकता है, दिनांक –**31.01.2025** को अपराह्न **02:30** बजे के बाद अग्रधन / जमानत राशि स्वीकार नही किया जायेगा।

( P.T.O)

सफल अभिकर्त्ता को रू0 **25,000 = 00** (पचीस हजार) मात्र सुरक्षा राशि के रूप में एक सप्ताह के अन्दर रोकड़पाल संचरण अंचल भागलपुर के पास बैंक ड्राफ्ट या ऑन लाइन माध्यम से जमा करना होगा, जो आम फलों की समाप्ति तिथि एवं किसी भी कर्मचारी अथवा पदाधिकारी से अभद्र व्यवहार नही करने तथा किसी भी प्रकार की विभागीय सम्पत्ति/संरचना को क्षति नही पहुचाने की पुष्टि के पश्चात् ही वापस किया जा सकेगा, निलामी प्राप्त कर्त्ता को फलों का संग्रहण अधिकार **वर्ष 2025** के लिए मात्र दिनांक– **31.08.2026** तक **एवं वर्ष 2026** के लिए माह जनवरी से अगस्त तक समाप्ति तक ही मान्य समझा जायेगा। साथ ही फल तोड़ाई से एक दिन पूर्व सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमंडल, सबौर /विद्युत कार्यपालक अभियंता (दूर–संचार सह तक0), संचरण अंचल, भागलपुर को सूचित करना होगा।

9 कॉलोनी परिसर में सफल अभिकर्त्ता द्वारा कम्पनी की सम्पत्ति की क्षति होने पर उसकी जिम्मेवारी अभिकर्त्ता पर ही होगी, किसी भी अपराधिक तत्वों का कॉलोनी परिसर में प्रवेश निषेध होगा।

10 निलामी संबंधित अन्य नियम शर्तो की सारी जानकारी किसी भी कार्य दिवस को संचरण अंचल, भागलपुर कार्यालय से ली जा सकती है।

11 सफल अभिकर्त्ता एवं उनके सभी कर्मचारी सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमंडल, सबौर से सत्यापित पहचान पत्र के साथ ही परिसर में प्रवेश पा सकेंगे।

12 आदेश निर्गत होने के उपरांत सफल अभिकर्त्ता को 24 घंटे न्युनतम 2 सुरक्षा प्रहरी दिनांक **31.08.25** एवं निर्धारित अवधि तक परिसर में पदस्थापित/प्रतिनियुक्त करना अनिवार्य होगा।

13 सफल अभिकर्ता को कुल डाक राशि का 10 प्रतिशत राशि 03 (तीन) दिनों के अंदर एवं शेष राशि 07 (सात) दिनों के अंदर जमा करना होगा।

14 सभी आगंतुक को कार्यालय परिसर में कोरोना रोक–थाम नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

15 विवादास्पद स्थिति में अद्योहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम होगा।

16 निलामी में भाग लेने वाले अभिकर्त्तागण को चुनाव आयोग द्वारा निर्गत परिचय पत्र/राशन कार्ड/ पैनकार्ड/ ड्राईविंग लाईसेंस/आधार कार्ड/मुखिया या किसी राज पत्रित पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वहस्ताक्षरित पहचान पत्र की छाया प्रति मॉगे जाने पर समर्पित करना होगा।

(संतोष कु0 मिश्र)
विद्युत अधीक्षण अभियंता